कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-02.06.2024

विषय:- थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा दहेज हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त 1-राजेश यादव व अभियुक्ता 2-धनेसरा देवी गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-324/2024 धारा 498-ए, 304-बी भा0द0वि0 व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधि0 थाना चौबेपुर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त 1. राजेश यादव पुत्र स्व0 रामदुलार यादव निवासी हरिहरपुर पाही पर थाना चौबेपुर वाराणसी व अभियुक्ता 2. धनेसरा देवी पत्नी स्व0 स्व0 रामदुलार यादव निवासी हरिहरपुर पाही पर थाना चौबेपुर वाराणसी को आज दिनांक-02.06.2024 को समय करीब 13.20 बजे ग्राम हरिहरपुर पाही पर थाना चौबेपुर से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 02.06.2024 को वादिनी मुकदमा श्रीमती अनीता यादव पत्नि स्व0 कनैहाया यादव नियसिनी ग्राम उचौरी पोस्ट उचौरी थाना खानपुर जिला गाजीपुर ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि उन्होंने अपनी पुत्री अंजना उम्र 25 वर्ष की शादी 13 मई 2021 को हिन्दू रिति रिवाज से राजेश यादव के साथ किया था और शादी मे अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज टी0वी0एस0 सुजुकी मोटर साईकिल दिया था जिससे उसके पति राजेश व अन्य लोग दहेज से सन्तुष्ट नही थे तथा उनकी लड़की को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया करते थे एवं दहेज मे बुलेट मोटर साईकिल की मांग करते थे। जब भी उनकी लड़की घर आती थी तो वो रो कर उपरोक्त बातें उन्हे बताया करती थी। दिनांक 1-6-2024 को समय करीब 04 बजे शाम को उन्होंने अपनी लड़की से बात किया तो वह रो रही थी और फिर बाद मे साय काल उन्हे सुचना मिली की उनकी लड़की को उसके ससुरालीजन द्वारा फासी लगाकर मार डाला गया है। जब वे लोग आये तो देखे कि उनकी लड़की का शव घर के बाहर तकथे पर मृत लिटाया हुआ है और उसके गले शरीर मे निशान है, जिसके आधार पर थाना चौबेपुर मे मु0अ0सं0-324/2024 धारा 498-ए/304-बी आईपीसी व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधि0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता का विवरण-

1. राजेश यादव पुत्र स्व0 रामदुलार यादव निवासी हरिहरपुर पाही पर थाना चौबेपुर वाराणसी, उम्र करीब 26 वर्ष।
2. धनेसरा देवी पत्नी स्व0 स्व0 रामदुलार यादव निवासी हरिहरपुर पाही पर थाना चौबेपुर वाराणसी, उम्र करीब 62 वर्ष।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1- उ0नि0 संजय कुमार राय थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- म0उ0नि0 रौशनी सिंह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3- का0 विशाल प्रसाद थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी